इंडियन कैंसर सोसाइटी के साथ महावीर कैंसर संस्थान का करार

चर्चा में क्यों?

4 फरवरी, 2022 को विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर पटना जंक्शन के समीप स्थित पूर्वोत्तर भारत के सबसे बड़े कैंसर अस्पताल ‘महावीर कैंसर संस्थान’ में कैंसर की शुरुआती जाँच नि:शुल्क करने के लिये इस संस्थान ने इंडियन कैंसर सोसाईटी के साथ करार किया है।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर महावीर मंदिर न्यास समिति के सचिव आचार्य किशोर कुणाल ने नि:शुल्क कैंसर परामर्श शिविर का उद्घाटन किया। 10 फरवरी, 2022 तक इस शिविर में महावीर कैंसर संस्थान के विशेषज्ञ चिकित्सक नि:शुल्क परामर्श देंगे।
- आचार्य किशोर कुणाल ने बताया कि कैंसर के लक्षण दिखने पर महावीर करार संस्थान में 25 हजार रुपए तक की जाँच भारतीय कैंसर समिति के सहयोग से नि:शुल्क होगी।
- चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एलवी सिंह ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना को लागू करने के लिये महावीर कैंसर संस्थान को अवार्ड भी दिया गया है।
- उल्लेखनीय है कि महावीर कैंसर संस्थान में पड़ोसी राज्यों के अलावा नेपाल और बांग्लादेश तक के मरीज कैंसर के इलाज के लिये आते हैं। यह संस्थान गरीब कैंसर मरीजों के लिये आस्था का केंद्र बन गया है। 1998 में दलाई लामा ने इस संस्थान का शुभारंभ किया था, इसमें प्रतिदिन औसतन लगभग 300 मरीजों की कीमोथेरेपी और इतने ही मरीजों की रेडियोथेरेपी की जाती है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mahaveer-cancer-institute-s-agreement-with-indian-cancer-society